Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a medical college in Jhansi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया है । आज इस संसद में इतिहास बन रहा है । इसलिए मैं माननीय मोदी जी, माननीय अमित शाह के प्रति जिन्दगी भर आभारी रहूंगा और आपका भी आभारी रहूंगा क्योंकि आपने आज मुझे बोलने का मौका दिया ।

मोदी जी हैं तो मुमकिन है और शाह जी हैं तो साहस है । पिछले पन्द्रह अगस्त पर माननीय प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से आयुष्मान कार्ड्स का ऐलान किया था । मैं बुंदेलखण्ड से आता हूं । मेरे यहां दो जिले हैं, जहां से मैं सांसद हूं - झाँसी और ललितपुर । हमारे वहां से 65,000 परिवारों को आयुष्मान कार्ड्स मिले थे, जिनमें से आज तक केवल 1,022 की ही फंडिंग हो पाई है क्योंकि वहां पर जो क्लीनिक्स हैं, वे इनका ट्रीटमेंट नहीं करते हैं । उन्हें पैसे नहीं मिलते हैं और इसकी वजह से वहां पर यह समस्या है । मेरा जिला ललितपुर 5,000 वर्ग किलोमीटर में फैला क्षेत्र है और वहां 16 लाख से ज्यादा की आबादी है । वह तीनों तरफ से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है और उसके 200 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है । वहां कोई भी मेडिकल कॉलेज नहीं है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूं कि अगर वहां पर हमें एक मेडिकल कॉलेज मिल जाए तो वहां के बहुत सारे रोगियों का उद्धार हो जाएगा ।

महोदय, एक छोटी-सी बात और है । मेरे झाँसी में एक टर्शियरी केयर सेन्टर भी नहीं है, जिसके लिए पैसे स्वीकृत हो गए थे । वर्ष 2016 से मशीन आई हुई है और वहां वे मशीन चालू नहीं कर पा रहे हैं । अगर आपके माध्यम से

उसके लिए हमें कुछ ट्रेन्ड मैन पावर्स मिल जाएं तो वह कोबाल्ट मशीन चालू हो जाएगी, नहीं तो मेरे यहां के सारे रोगी दिल्ली आ रहे हैं । मैं आपसे इतना ही आग्रह करना चाहता हूं । बहुत बहुत धन्यवाद ।